# एशिया कप सट्टाः पुलिस ने 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार, 7 लाख रुपये का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन जब्त

**सतना। सिविल लाइन थाना पुलिस ने भारत-श्रीलंका एशिया कप क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है और 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा जारी समाचार में बताया गया है कि सिविल लाइन थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि उमा विला सोसायटी के मकान नंबर 1 (पुष्पेन्द्र द्विवेदी का मकान) के अंदर कुछ व्यक्ति अवैध रूप से रुपए-पैसों के हार-जीत का दांव लगाकर ऑनलाइन सट्टा खेल रहे हैं।**

सूचना मिलते ही,थाना प्रभारी सिविल लाइन ने थाना टीम और सायबर सेल की एक संयुक्त टीम गठित कर तत्काल बताए गए स्थान पर दबिश दी। मकान के कमरे में छह व्यक्ति मिले,जो अपने पास रखे 14 नग मोबाइल और लैपटॉप पर 'रेड्डी अन्ना गेमिंग एप' के माध्यम से भारत-श्रीलंका मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिला रहे थे। आरोपियों ने ग्राहकों को सट्टा खिलाना स्वीकार किया। उनके मोबाइल और लैपटॉप की जाँच करने पर,सभी में रेड्डी अन्ना ऑनलाइन गेमिंग एप चालू पाया गया। इसके अलावा,उपकरणों में करीब सात लाख रुपये के ऑनलाइन ट्रांजैक्शन का लेखा-जोखा भी मिला, जिसे जब्त कर लिया गया है।





### गिरफ्तार आरोपी और जब्त सामग्री

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में झारखंड (धनबाद), बिहार (भोजपुर व मधुबनी) और सतना (मध्य प्रदेश) के निवासी शामिल हैं। आरोपी पुष्पेंद्र द्विवेदी सतना का निवासी है,जिसके मकान में यह अवैध गतिविधि चल रही थी।जब्त की गई सामग्री में 14 नग अलग-अलग कंपनी के मोबाइल फोन व लैपटॉप शामिल हैं,जिनकी अनुमानित कीमत करीब 4,00,000 (चार लाख रुपये) है,साथ ही सात लाख रुपये के ट्रांजैक्शन का लेखा-जोखा भी जब्त किया गया।आरोपियों के विरुद्ध थाना सिविल लाइन, में अपराध क्रं. 625/25 धारा 4 (क) पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट 1976 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कार्रवाई में निरीक्षक योगेन्द्र सिंह परिहार सहित सायबर सेल और सिविल लाइन थाने के कई पुलिसकरमी शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### उचेहरा पुलिस ने चलाया 'अभिमन्यु-03' अभियान, लैंगिक समानता पर किया जागरूक

**सतना।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे 'अभियान अभिमन्यु-03' के तहत थाना उचेहरा पुलिस ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम तहसील परिसर उचेहरा के पास थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को महिला के प्रति लैंगिक समानता और संवेदनशीलता के विषय में जागरूक करना था। साथ ही,बालक एवं बालिकाओं को समाज की नैतिकता और अपराध से दूर रहने के संबंध में शिक्षित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 20-25 लोगों की उपस्थिति रही। उचेहरा पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान समाज में जागरूकता बढ़ाने और महिलाओं एवं बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### सतना-मैहर-पन्ना में प्रस्तावित रिजर्व कंजर्वेशन के विरोध में एससी-एसटी-ओबीसी महासभा की बैठक

**मैहर।** सतना, मैहर और पन्ना जिलों में रिजर्व कंजर्वेशन घोषित किए जाने के विरोध में एससी-एसटी-ओबीसी महासभा की एक आवश्यक बैठक मैहर में संपन्न हुई। यह बैठक जिला पंचायत सदस्य देवदत्त सोनी के मुख्य आतिथ्य और रिटायर्ड प्राचार्य संपत प्रसाद कोल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से मुलाई प्रसाद चौधरी (पूर्व मंडी अध्यक्ष),अमृतलाल पटेल,बद्री प्रसाद कुशवाहा, वीरेंद्र सिंह,श्यामलाल कुशवाह,प्रहलाद कोल,अर्जुन सेन, डॉक्टर हीरामन साहू,जीवनलाल विश्वकर्मा, बंसी प्रसाद चौधरी, जगतधारी विश्वकर्मा,अरुण दहिया, दुर्जन प्रसाद केवट, प्रमोद कोल, बदन सिंह गॉड, अमर सिंह, कुंजीलाल कुशवाहा, राजकुमार प्रजापति, जगदीश बुनकर, गुलफाम खान, बसंत लाल सकेत,पुष्पेंद्र साकेत, दडोली प्रसाद रावत, कल्लू रावत सहित कई लोग उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि इससे पूर्व परस्मानिया और कालड़ा जैसे स्थानों पर भी प्रदर्शन हो चुका है। विरोध को आगे बढ़ाते हुए अगली कड़ी में 13 अक्टूबर को मैहर और 15 अक्टूबर को सतना में विशाल धरना प्रदर्शन रैली के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है। इन आयोजनों की तैयारी में एडवोकेट कमल सिंह मरकाम, सुरेंद्र कोल, राजकुमार कोल और रमेश कोल की भूमिका सराहनीय बताई गई।

### मुंशी प्रेमचंद के 'प्रेम की वेदी' नाटक का सफल मंचन, 360 स्टेज फॉर्मेट का प्रयोग

**सतना।** रंग साधक सोशल कल्चर एंड आर्ट फाउंडेशन,सतना के तत्वावधान में प्रसिद्ध लेखक मुंशी प्रेमचंद लिखित नाटक 'प्रेम की वेदी' का तीन दिवसीय नाट्य समारोह शुरू हो गया है। इस प्रस्तुति का पहला मंचन 26 सितंबर को सेठ आनंदराम जयपुरिया विद्यालय,भरहुत नगर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। नाटक के निर्देशक अनुराग श्रीवास्तव और सह-निर्देशिका अनामिका सिंह ने बताया कि वर्किंग डे होने के बावजूद शहर के सुधी दर्शकों ने पहले शो को हाउसफुल बनाया। रंग साधक संस्था ने इस नवीन नाट्य प्रस्तुति में सकारात्मक ऊर्जा और नए प्रयोगों का सामंजस्य स्थापित करते हुए इसे 360 डिग्री स्टेज फॉर्मेट पर खेलने का प्रबंध किया है। नाटक की कथावस्तु 'प्रेम' पर आधारित है, जो जीवन में विडंबनाओं,महत्वकांक्षाओं के साथ-साथ त्याग के भाव को दर्शाती है।

## मंत्री कैलाश विजय वर्गीय को कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा की खुली चुनौती

**सतना आने के लिए चार बार बदलेंगे तारीख, सत्ता के नशे में मर्यादा भूले मंत्री**



**सतना। नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने खुली चुनौती दी है।कुशवाहा ने व्यंग्यात्मक लहजे में दावा किया है कि इस बार मंत्री विजयवर्गीय को सतना आने के लिए अपनी तारीख चार बार बदलनी पड़ेगी। यह चुनौती शुक्रवार को सर्किट हाउस में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी गई।**

### शाजापुर के बयान पर गहरा विरोध

विधायक कुशवाहा की यह चुनौती,मंत्री विजयवर्गीय द्वारा शाजापुर में दिए गए एक कथित विवादित बयान के विरोध में सामने आई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता मंत्री का स्वागत करने के लिए सर्किट हाउस,हवाई अड्डे या रेलवे स्टेशन जाएंगे,यह इस बात पर निर्भर करेगा कि वे सतना कैसे आते हैं। कुशवाहा ने मंत्री की टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए कैलाश विजयवर्गीय पर 'सत्ता के नशे में सभी रिश्तों की मर्यादा भूलने' का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि सिर्फ विजयवर्गीय ही नहीं,बल्कि भाजपा के कईअन्य नेताओं पर भी महिलाओं के अपमान के आरोप लगते रहे हैं।

### क्या बहन सिर्फ राखी बांधने के लिए होती है?

कांग्रेस विधायक ने मंत्री विजयवर्गीय से सीधा सवाल किया कि क्या बहन सिर्फ रक्षाबंधन पर राखी बांधने के लिए होती है? उन्होंने आगे कहा कि बहन से हम दिल की बात करते हैं,मन की बात करते हैं और उनके साथ खेलते-कूदते हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि हो सकता है मंत्री सत्ता के नशे में यह सब भूल गए हों,क्योंकि सत्ता का नशा लोगों को पागल कर देता है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस के शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी,कांग्रेस नेत्री डॉ.रश्मि पटेल,प्रदेश प्रवक्ता रितेश त्रिपाठी और पार्टी की महिला मोर्चा की पदाधिकारी भी मौजूद थीं।

## चित्रकूट विश्वविद्यालय में मासिक प्रार्थना सभाः पद्मश्री महेश शर्मा ने प्रकृति की भाषा समझने का किया आह्वान

**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में मूल्य और सामाजिक उत्तरदायित्व पाठ्यक्रम के अंतर्गत आयोजित मासिक प्रार्थना सभा में शुक्रवार को पर्यावरणविदों ने अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। इस अवसर पर पद्मश्री महेश शर्मा ने सभी से प्रकृति की भाषा को समझकर पर्यावरण पूरक आचरण करने का आह्वान किया।

### वक्ताओं के मुख्य बिंदु

पद्मश्री महेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें अपने पूर्वजों की तरह प्रकृति की भाषा को जानना चाहिए। उन्होंने पृथ्वी को पर्यावरण का महत्वपूर्ण अंग बताया जो हमें जल,अग्नि,वायु,आकाश जैसे तत्वों के साथ गहराई से जोड़े रखती है। उनके अनुसार प्रकृति के ये पाँचों तत्व हमें एक करने के लिए हर पल कार्यरत रहते हैं। पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर विस्तार से चर्चा की और गाँव,किसान,मजदूर,शिल्पी आदि की जीवन शैली और उनके कौशल ज्ञान के महत्व को रेखांकित किया।उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास की वास्तविक धुरी गाँव में उपलब्ध संसाधनों पर केंद्रित थी। पर्यावरणविद डॉ.अनिल कुमार,उड़ीसा ने सतत पर्यावरण के लिए किए जा रहे कार्यों और आवश्यक सुझावों पर प्रकाश डाला। कुलगुरु प्रो.भरत मिश्रा ने बताया कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की भावनाओं और ग्रामोदय दर्शन के अनुरूप भारतीय संस्कृति के विकास और विरासत के उत्थान की दिशा में सशक्त प्रयास कर रहा है।

### प्रार्थना सभा की गतिविधियां

प्रार्थना सभा का शुभारंभ अतिथियों द्वारा विद्या दायिनी मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। निर्धारित गतिविधियों के क्रम में ॐ का उच्चारण,सरस्वती वंदना,कुलगीत, श्लोक और भावार्थ वाचन,समूह गीत,एकल गायन और भजन जैसी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं।

## विधायक पर भाजपा प्रवक्ता का तीखा पलटवार, कहा- अहंकार में चूर हैं

**सतना।** कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा के एक बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रह्लाद कुशवाहा ने उन पर पलटवार किया है। प्रवक्ता कुशवाहा ने आरोप लगाया कि विधायक का जिला बदर लोगों की टोली बनाकर हुड़दंग मचाना और अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करना उनकी गुंडिज़्मवादी मानसिकता को दिखाता है। उन्होंने कहा कि एक वरिष्ठ मंत्री के नसीहत भरे बयान को राजनीति चमकाने का माध्यम बनाना और



उन्हें सतना आने से रोकने की बात करना विधायक के सामंतवादी चरित्र का प्रमाण है। प्रह्लाद कुशवाहा ने कांग्रेस विधायक को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, सुन लीजिए मिस्टर कांग्रेसी विधायक,देश में लोकतंत्र है,सतना में गुंडिज़्म नहीं चलने दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का दौरा कौवों के कांव-कांव से नहीं रुक सकता और गुंडिज़्म करने वालों के खिलाफ कानून अपना काम करेगा।



## गुजराती समाज के गरबा महोत्सव में दिखा सर्व समाज का सौहार्द

**सतना।** सतना गुजराती समाज द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव के चौथे दिन भक्ति और उल्लास का अद्भुत नज़ारा देखने को मिला। सुबह 9 बजे जलाराम रेडीमेड के कमलेश ठक्कर परिवार और ठक्कर इलेक्ट्रिकल्स के दिलीप ठक्कर परिवार ने पूजन-अर्चन किया। रात 9 बजे 'जय आद्या शक्ति' आरती के साथ गरबे की शुरुआत हुई।ढोल के साथ गरबा गायक डॉक्टर आशय द्विवेदी के गीतों पर पूरा गरबा स्थल झूम उठा। एसडीएम सतना,राहुल सिलाड़िया भी गरबा खेलने शामिल हुए और गरबा प्रतिभागियों की भक्ति भावना की सराहना की। इस अवसर पर सतना सिंधी पंचायत और टीम कैट के अध्यक्ष मनोहर वाधवानी सहित अन्य पदाधिकारी सम्मिलित हुए। श्री दिगम्बर जैन पारमार्थिक संस्था और अग्रवाल नवयुवक मंडल के पदाधिकारी भी गरबा महोत्सव में शामिल हुए। सभी ने गुजराती समाज द्वारा सर्व समाज को आमंत्रित कर धार्मिक और सांस्कृतिक सामंजस्य को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की।

## युवक पर किया जानलेवा हमला



**मैहर।** मैहर नगर में बीती रात दीपक तिवारी उर्फ सोनू नामक युवक पर कातिलाना हमला किया गया। हमले की वजह पुरानी रंजिश बताई गई है। इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है और आम नागरिकों के बीच भी पुलिस से सख्त कार्यवाही की माँग तेज हो गई है। देर रात लगभग 12 बजे,सोनू तिवारी माता देवी जी मंदिर से अपने घर लौट रहे थे, तभी हनुमान टोला के पास पहले से घात लगाए बैठे तीन आरोपियों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। आरोपियों की पहचान नितेश,प्रदीप और धर्मेंद्र के रूप में हुई है। हमलावरों ने पहले गाली-गलौज की और फिर लाठी-डंडों से हमला कर दिया,जिससे सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों ने डायल 112 को सूचना दी और उन्हें तत्काल अस्पताल पहुँचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ित ने मैहर थाने में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई। मैहर प्रेस क्लब ने इस घटना की कड़ी निंदा की है।

### परिवहन विभाग का विशेष अभियानः 36 वाहनों की जाँच, 11 हजार राजस्व वसूल

**सतना।** परिवहन आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार प्रदेशव्यापी विशेष अभियान के तहत सतना आर टीओ संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। सतना से रैगाव मोड़ के पास सघन जाँच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 36 वाहन चेक किए गए,जिनमें से 10 वाहनों में आंशिक कमियाँ पाई गईं। आरटीओ श्रीवास्तव ने बताया कि कमियाँ पाए जाने के फलस्वरूप इन वाहनों से कुल 11 हजार रुपए का राजस्व (जुर्माना) मौके पर वसूला गया। इसके अतिरिक्त,विभाग द्वारा पूर्व में जब्त किए गए 02 वाहनों पर बिना परमिट संचालन के कारण 85 हजार की अनुमानित राशि वसूली जानी शेष है। आरटीओ संजय श्रीवास्तव ने जनता से अपील की है कि यह जाँच और वसूली की कार्यवाही निरंतर चलती रहेगी। उन्होंने वाहन मालिकों को परेशानी से बचने के लिए अपने सभी कागजात दुरुस्त करके वाहनों में रखने की नसीहत दी है,ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

## प्रेम नगर पावर हाउस चौक के आशुतोष ने की मैहर तक पद यात्रा



**सतना।** प्रेम नगर पावर हाउस चौक में माँ दुर्गा की सेवा में लीन आशुतोष दुबे 'छोटू' इस वर्ष भी माँ शारदा के दर्शन के लिए मैहर तक पद यात्रा की। बातचीत में आशुतोष ने बताया कि इस वर्ष माँ की सेवा करते हुए उन्हें 15 साल पूरे हो जाएँगे और उन्हें हर साल माँ किसी न किसी रूप में दर्शन देती हैं। वह बाय रोड होकर मैहर पहुँचें और अपनी पद यात्रा के दौरान चार अलग-अलग स्टॉप लिया। पहला स्टॉप लगरगंवा,दूसरा स्टॉप उचेहरा फाटक,तीसरा स्टॉप टोल नाका ढाबे के पास,और चौथा स्टॉप कोयला मंदिर में रहा। इन स्टॉप्स पर विश्राम के बाद वे माँ शारदा के दरबार के लिए रवाना हुए। उनकी यह पदयात्रा माँ के प्रति उनकी अटूट आस्था और सेवा भाव को दर्शाती है,जो पिछले 15 वर्षों से निरंतर जारी है।

## शक्ति की नगरी मैहर में नव प्रयास मंच द्वारा आयोजित गरबा उत्सव में दिखा आस्था और संस्कृति का अद्भुत संगम

**मैहर। नगर की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था नवप्रयास मंच के तत्वाधान में गरबा महोत्सव 2025 का शानदार आयोजन किया गया। स्थानीय आरपी पैलेस में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद मैहर अध्यक्ष श्रीमती गीता सोनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं,जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कौटिल्य सेवा संस्थान समिति की सचिव श्रीमती रश्मि गर्ग ने की।**

इस अवसर पर पार्षद अशोक चौबे,जी डी रस्तोगी,सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी,समाजसेवी नीरज गर्ग,कायस्थ समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश खरे और अजीत प्रजापति विशेष रूप से उपस्थित थे।कार्यक्रम में श्वेता शिवशक्ति समूह की विशेष सहभागिता रही। अतिथियों द्वारा माता की पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम आरंभ हुआ। शशांक श्रीवास्तव,राजेश बाड़ोलिया, आनंद श्रीवास्तव, विनीता बाड़ोलिया,ज्योति आवल, कविशा पटेल, महेंद्र बर्मन,श्रद्धा उपाध्याय, काजल तिवारी, अविका श्रीवास्तव, अभिषेक कुशवाहा और पवन खटीक ने संस्था की ओर से कार्यक्रम का संयोजन किया। श्रीमती निरंजन पटेल,अनीता केसरवानी और एकता अग्रवाल की निर्णायक मंडल की उपस्थिति में गरबा एवं डांडिया का कार्यक्रम शुरू हुआ।

## प्रभारी प्राचार्य पर बच्चों के साथ मारपीट और अभद्र भाषा प्रयोग का आरोप, ग्रामीणों ने आंदोलन की दी चेतावनी

**मैहर।** मैहर के मगरौरा स्थित शिक्षा के मंदिर में प्रभारी प्राचार्य वीरेंद्र सिंह पर बच्चों के साथ खौफनाक हरकतें करने का आरोप लगा है।अभिभावकों के अनुसार,प्रभारी प्राचार्य बच्चों को शासन की गाइड लाइन के बाहर जाकर शिक्षा प्रदान कर रहे हैं,जिससे बच्चों और उनके माता-पिता में भय का माहौल है। कई अभिभावकों ने आरोप लगाया है कि स्कूल में अच्छे संस्कार की जगह बच्चों के साथ गाली और अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है,साथ ही मारपीट भी की जाती है। अभिभावकों ने कहा कि ऐसी शिक्षा से अच्छा है कि वे बच्चों को स्कूल में पढ़ाएं ही नहीं। अभिभावकों ने शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से निवेदन किया है कि मगरौरा संकुल के प्रभारी प्राचार्य के ऊपर दंडात्मक कार्यवाही कर उन्हें मगरौरा से बाहर किया जाए। चेतावनी दी गई है कि यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो सभी ग्रामीण जन स्कूल में तालाबंदी कर आंदोलन करेंगे,जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। यह भी बताया गया कि वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि प्रभारी प्राचार्य बच्चों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं।

## खबर संक्षेप

### पन्ना छतरपुर नेशनल हाईवे 39 मडला के भैरव टेक घाटी में फिर हुई यात्री बस सड़क हादसे का शिकार



**पन्ना।** पन्ना छतरपुर नेशनल हाईवे 39 मडला घाटी में यात्री बस की-स्टेरिंग फेल होने से अनियंत्रित होकर खाई में गिरने का मामला सामने आया है जानकारी केअनुसार पन्ना से छतरपुर जा रही प्राची कोच एमपी 16 पी 0419 पन्ना से छतरपुर की ओर जा रही थी तभी मडला घाटी में तेज उतार में अचानक ब्रेक बस का फेल हो गया। जिससे बस रोड के नीचे खाई में उतर गई गनी मत रही की बस पेड़ के सहारे रुकी गई बताया गया है कि यात्रियों को हल्की छोटी आई है वही आज फिर बहुत बड़ा हादसा टल गया है। सड़क हादसे में दो यात्रियों मामूली चोटें आईं है। जिनको प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है वही लगातार हो रहे सड़क हादसों पर लोगों ने चिंता जताई है।

### धरमपुर वन विभाग की बड़ी कार्यवाही, 250 एकड़ वन भूमि अतिक्रमण से मुक्त



**अजयगढ़।** धरमपुर वन विभाग ने परिक्षेत्र की बीट भेरहा में बड़ी कार्यवाही करते हुए 250 एकड़ अवैध अतिक्रमित वन भूमि को मुक्त कराया है। जानकारी के अनुसार इस कार्यवाही में संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सदस्य, ग्रामीण, थाना धरमपुर का पुलिस बल तथा वन विभाग का पूरा अमला शामिल रहा। यह कार्यवाही मुख्य वन संरक्षण (वन वृत्त) और वनमंडलाधिकारी उत्तर पन्ना के मार्गदर्शन तथा उप वनमंडलाधिकारी विश्रामगंज अंसुल तिवारी के निर्देशन में सम्पन्न हुई। टीम ने समय-समय पर संयुक्त वन प्रबंधन समिति एवं ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर सामंजस्य बनाया और अंततः परिक्षेत्र धरमपुर की बीट भेरहा के वन कक्ष क्रमांक पी-33 एवं पी-37 में 250 एकड़ भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। साथ ही क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सीपीटी खुदाई कर घेराबंदी भी कराई गई है। कार्यवाही के दौरान धरमपुर वन परिक्षेत्र अधिकारी वेभव सिंह चंदेल, सुंदरलाल प्रजापति, उमंग खरे, रामलखन शाक्य, ऋषि कपूर, जितेंद्र दहायक सहित पूरा वन अमला मौजूद रहा।

### पॉलिटेक्निक महाविद्यालय ग्राउण्ड में होगा रावण दहन



**पन्ना।** पन्ना नगर में इस बार दशहरा विजयादशमी पर्व पर गुरूवार, 2 अक्टूबर को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के ग्राउण्ड में 51 फीट ऊंचाई के रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम और अन्य व्यवस्थाओं के दृष्टिगत शनिवार को कलेक्टर सुरेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के साथ स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने बताया कि दशहरा एवं रामलीला समिति के पदाधिकारियों के साथ शहरवासियों की सहभागिता से दशहरा पर्व पर रावण दहन का वृहद स्तरीय आयोजन होगा। इसके लिए संबंधितजनों की जिम्मेवारी भी तय की गई है। उन्होंने नई शुरूआत के साथ अच्छे और बेहतर आयोजन की उम्मीद व्यक्त की। इस मौके पर एसडीएम संजय कुमार नागवंशी सहित एसडीओपी एस.पी.एस. बघेल, थाना प्रभारी रोहित मिश्रा एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

---

**नगर सहित क्षेत्र में शारदेय नवरात्रि की धूम**

# जगह जगह पंडालों में विराजी दुर्गा प्रतिमाओं की हो रही पूजा आराधना

देश भर में शारदेय नवरात्रि की धूम है। पंडालों में विराजी दुर्गा प्रतिमाओं की सुबह शाम पूजा अर्चना आरती से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। लोग अनेक प्रकार से शक्ति की उपासना कर धर्म लाभ ले रहे हैं। पवई नगर में भी नवरात्रि पर्व की रौनक देखते ही बनती है। नगर के 15 वार्डो में जगह जगह तीन दर्जन से अधिक स्थानों में लोगों के द्वारा पंडाल लगाकर दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना कर माता की उपासना की जा रही है, कही शेर पर सवार तो कही कमल पर तो कही किसी ओर रूप में प्रतिमाएं विराजमान है।पंडालों में कन्या भोज का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसकी वजह से पवई नगर सहित क्षेत्र में शारदेय नवरात्रि की रौनक और वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।











---

**नपाध्यक्ष एवं कलेक्टर ने आजीविका फ्रेश मेला का किया उद्घाटन**

# टॉउन हॉल में स्व सहायता समूह के उत्पादों की लगाई प्रदर्शनी








पन्ना। सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत स्थानीय उत्पादों के क्रय को बढ़ावा देने और स्वसहायता समूह की महिलाओं के प्रोत्साहन के उद्देश्य से स्थानीय टाउन हॉल में तीन दिवसीय आजीविका फ्रेश मेला एवं स्वसहायता समूह के उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है। वोकल फॉर लोकल की थीम पर जिला प्रशासन पन्ना एवं म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत पन्ना के संयुक्त तत्वाधान में आजीविका फ्रेश मेला प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालित होगा। इसमें दुकानों के जरिए आजीविका उत्पादों का विक्रय भी किया जाएगा। इसके माध्यम से समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित एवं तैयार उच्च गुणवत्ता एवं कम कीमत के उत्पादों को एक ही स्थान पर क्रय करने की सुविधा मिली है। टाउन हॉल परिसर में केमिकल रहित दलहन, अनाज, घी, गुड़, पापड़, अचार, मसाला, सेवइयां तथा आजीविका चाय सहित लघु वनोपज उत्पाद जैसे आंवला के विभिन्न उत्पाद, चिरौंजी बर्फी, महुआ लड्डू एवं जैविक शहद व अन्य उत्पाद जैसे अगरबत्ती, जैविक खाद एवं कीटनाशक तथा वॉश उत्पाद इत्यादि सामग्री क्रय की जा सकती है। श्रृंगार सामग्री, लेडीज हैण्डलूम, खादी वस्त्र, मेंहदी और आर्ट एण्ड क्रॉफ्ट जैसे साज सज्जा उत्पाद और स्वल्पाहार के स्टॉल भी विभिन्न स्वसहायता समूहों द्वारा लगाए गए हैं। शनिवार को नगर पालिका परिषद पन्ना की अध्यक्ष मीना पाण्डेय एवं कलेक्टर सुरेश कुमार ने फीता काटकर आजीविका फ्रेश मेला का उद्घाटन किया। इस दौरान विभिन्न स्टॉलों पर पहुंचकर अवलोकन किया गया और आजीविका उत्पादों के संबंध में जानकारी भी ली गई। समूह की महिलाओं ने उत्पादों एवं विभिन्न सामग्रियों के विक्रय तथा आजीविका के बारे में जानकारी दी। साथ ही ग्रामीण आजीविका मिशन और समूह के जरिए आर्थिक सशक्तिकरण एवं जीवन स्तर में आए बदलाव की जानकारी भी साझा की। इस मौके पर महिलाओं की आर्थिक तरक्की के लिए स्थानीय स्तर पर एवं बाहर आजीविका उत्पादों के विक्रय के संबंध में विपणन की बेहतर कार्ययोजना तैयार करने के लिए मार्गदर्शन भी दिया गया। जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा महिलाओं के प्रयासों की सराहना कर सामग्री क्रय की गई और खाद्य उत्पादों का स्वाद भी चखा। आमजनों से आजीविका फ्रेश मेला में परिवार एवं मित्रों सहित अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर स्थानीय उत्पाद क्रय करने का आह्वान किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में टॉउन हाल में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने तथा स्वदेशी की संकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से निरंतर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। इस प्रयास से छोटे कारोबारी एवं उद्यमियों को मजबूती मिलेगी। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक विचारधारा है। यह प्रयास रोजगार के साथ अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने से मेक इन इंडिया का उद्देश्य भी पूर्ण होगा। इसलिए हमें जागरूक रहकर इस प्रयास को निरंतर आगे बढ़ाना जरूरी है। इसमें सभी जरूरतमंद महिलाओं को सदैव पूर्ण आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। नपाध्यक्ष ने ग्रामीण महिला स्वसहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों का आजीविका फ्रेश मेला में प्रदर्शन सह विक्रय की सराहना की। कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा कि स्वदेशी एवं लोकल फॉर वोकल की अवधारणा को ध्येय में रखकर आज से आजीविका फ्रेश मेला की शुरूआत की गई है। प्रधानमंत्री के स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के आह्वान तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के गांव के विकास से विकसित और स्वाबलंबी भारत के निर्माण के सपने को साकार करने में यह छोटा सा प्रयास बहुत कारगर साबित होगा। कलेक्टर ने कहा कि स्थानीय उत्पादों के उपयोग से बहुराष्ट्रीय कंपनियों के स्थान पर छोटे व्यापारी और कारीगर लाभांवित होंगे। उन्होंने इस संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण और उत्पादों की मार्केटिंग इत्यादि के संबंध में बेहतर कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया, जिससे आर्थिक उन्नति के साथ ही गरीब परिवारों के जीवन में खुशहाली आए। जिला कलेक्टर ने उपस्थित महिलाओं से तत्परता के साथ सामूहिक प्रयास से तरक्की सुनिश्चित करने के लिए निरंतर सीखने और किसी भी सहयोग के लिए पीछे न रहने की बात भी कही। जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा ने कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना अमूल्य सहयोग दें। मातृ शक्ति के माध्यम से ही किसी भी व्यक्ति, परिवार और समाज तथा बच्चों में संस्कार की भावना विकसित होती है। जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन प्रमोद शुक्ला द्वारा पन्ना में वर्ष 2015-16 से आजीविका मिशन के संचालन तथा ग्राम एवं संकुल स्तरीय संगठन सहित स्वसहायता समूह के गठन तथा कृषि, जैव कृषि के साथ विभिन्न कौशल के जरिए महिलाओं को मिले लाभ की जानकारी दी गई। साथ ही भविष्य में समूह की शेष महिलाओं को बेहतर आजीविका तथा प्रत्येक दीदी को तीन गतिविधियों से जोड़कर न्यूनतम मासिक आय 10 हजार रूपए करने सहित आजीविका उत्पादों के विभिन्न बाजारों में विक्रय तथा ऑनलाइन व डिजीटल प्लेटफॉर्म के जरिए भी प्रोडक्ट सेल की कार्ययोजना के बारे में अवगत कराया। लखपति दीदी की श्रेणी में शामिल महिलाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव एवं जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी भी उपस्थित रहे। परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। आभार प्रदर्शन जिला प्रबंधक ओ.पी. सोनी ने किया।

---

# झंडा बाजार में दुर्गा पंडाल बना आस्था का केंद्र, आरती में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़





### आरती के समय भक्तों का उत्साह देखते ही बनता है, चारों ओर गूंज रहे जयकारे

**पवई।** शारदीय नवरात्रि पर्व की भक्ति और उल्लास की लहर इन दिनों पवई नगर में देखने को मिल रही है। विशेषकर झंडाबाजार में स्थित दुर्गा पंडाल में इन दिनों श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ उमड़ रही है। झंडाबाजार व्यापारी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा स्थापित मां आदि शक्ति जगदम्बा की भव्य और अलौकिक प्रतिमा नगरवासियों के लिए आस्था का केंद्र बन गई है। समिति द्वारा बड़े स्तर पर की गई सजावट और रोशनी से सजा यह पंडाल दूर से ही लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। हर शाम को होने वाली मां दुर्गा की महाआरती में हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। आरती के समय वातावरण "जय माता दी" के गगनभेदी नारों से गूंज उठता है, और भक्त भाव-विभोर होकर माता रानी की भक्ति में लीन हो जाते हैं।

**भक्ति के साथ व्यवस्था भी अनुकरणीय-**

दुर्गा उत्सव समिति ने भक्तों की भीड़ को देखते हुए पंडाल में सुरक्षा, पार्किंग, सेवाएं के साथ प्रसाद ,पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा है। स्वयंसेवक लगातार व्यवस्था बनाए रखने में लगे हुए हैं।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बढ़ रही रौनक-**


पंडाल में नवरात्रि के नौ दिनों तक विविध धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन, गरबा, डांडिया जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं, जिन्हें देखने के लिए दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। नगरवासियों का कहना है कि इस वर्ष का दुर्गा उत्सव अत्यंत भव्य और श्रद्धापूर्ण वातावरण में मनाया जा रहा है। विशेषकर संध्या की आरती नगर में एक अलग ही ऊर्जा और उत्साह का संचार कर रही है।

---

# देवेंद्र नगर में आध्यात्मिक माहौल चरम पर रामकथा, रामलीला और दशहरा उत्सव की धूम



**देवेंद्रनगर।** नगर में इन दिनों धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों की बहार है। हाल ही में जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि जी महाराज के श्रीमुख से सम्पन्न हुई सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के बाद अब उन्हीं के श्रीमुख से रामकथा का अमृत प्रवाह हो रहा है। रामकथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक आर.के. गार्डन, सलेहा रोड में आयोजित की जा रही है। कथा स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया है और नगर के सभी वर्गों के लोग सहयोग कर रहे हैं। 25 सितम्बर को शाम 4रू30 बजे कथा स्थल से श्रीराम मंदिर तक विशाल कलश यात्रा निकली और पुनः कथा स्थल तक पहुंची। वहीं 03 अक्टूबर को पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद का आयोजन होगा। नगर के धार्मिक वातावरण को और प्रगाढ़ कर रहा है सत्यम श्री कृष्ण शास्त्री की श्रीमद्भागवत कथा, जो पास ही चल रही है। उधर नवरात्रि के पहले दिन से श्रीराम मंदिर के रामलीला ग्राउंड में भगवान श्रीराम की लीलाओं का मंचन भी जारी है। नगर के सभी वार्डों और मोहल्लों में माता रानी के दरबार सज चुके हैं और दशहरा की तैयारियाँ पूरे जोर पर हैं।



### रामलीला - दर्शक हुए भावविभोर

चौमुखनाथ आदर्श रामलीला मंडल, गंज सलेहा जिला पन्ना द्वारा राममंदिर देवेंद्रनगर में हो रही रामलीला के चौथे दिन 25 सितम्बर को राम विवाह, केकईदृमंथरा संवाद और दशरथ प्रतिज्ञा जैसे प्रसंग मंचित हुए। भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह का दृश्य, केकईदृमंथरा संवाद और दशरथ प्रतिज्ञा देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। महंत ने संगीतमय शैली में प्रभु राम की लीलाओं का गुणगान किया। मंडल के सेवक संतोष चौरसिया ने कहा कि भगवान राम और माता सीता का जीवन मानव को सही जीवन जीने की कला सिखाता है। पिछले दिनों की प्रमुख लीलाएं संक्षेप मेंरू पहला दिनदृनारद मोह एवं विश्वामित्र आगमन, दूसरा दिनदृताड़का वध एवं अहिल्या उद्धार, तीसरा दिनदृसीता स्वयंवर, धनुष यज्ञ, रावणदृबाणासुर संवाद एवं लक्ष्मणदृपरशुराम संवाद, चौथा दिन (25 सितम्बर)दृराम विवाह, केकईदृमंथरा संवाद एवं दशरथ प्रतिज्ञा।

### दशहरा और उत्सव की तैयारियाँ

नगर में इस बार दशहरे की रौनक बढ़ाने के लिए बाहर से कई कलाकार आ रहे हैं। अनेक पंडालों में प्रतिदिन भक्ति गीत, बुंदेलखंड के पारंपरिक भक्ति एवं नृत्य, डांडिया, देवी जागरण आदि कार्यक्रम हो रहे हैं। विशेष बात यह है कि दशहरे से दोदृतीन दिन पहले से कन्या भोज प्रारंभ हो जाते हैं और मान्यता है कि लगातार तीन दिन चलने वाले इस आयोजन में नगर की समस्त कन्याएँ प्रसाद ग्रहण करती हैं। दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष ललित गुप्ता ने नगरवासियों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने और देवेंद्रनगर की आस्था को गौरव देने की अपील की है।

---

### छत्रसाल महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**पन्ना।** मध्य प्रदेश शासन के सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत आज दिनांक 27 सितम्बर 2025 को पन्ना नगर के प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य प्रो.एस. डी. चतुर्वेदी के संरक्षण में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना ,कार्यक्रम अधिकारियों तथा स्वयंसेवकों ने 12 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश देने के लिए निस्वार्थ समर्पित किया। रक्तदाताओं की सूची इस प्रकार है - राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ एम के शुक्ल, विजेंद्र सिंह ( विषय विशेषज्ञ), राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ डीपी कुशवाहा एवं श्री अरविंद निषाद, राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवक संजय कुमार, अनिल चौधरी, लवली अहिरवार, मोहित रैकवार, कृष्ण कुमार अहिरवार, फिजा खान, देशराज चौधरी छब्ब कैडेट ध्रुव सिंह आदि ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

### भैंस चोरी विवाद को लेकर मारपीट, हरिजन एक्ट का मामला दर्ज

**पन्ना।** जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र ग्राम गढ़ोखर में आज एक चौधरी से उसके ही गांव के दो युवकों ने भैंस चोरी की बात को लेकर जब पूछताछ की तो यह बातचीत विवाद में बदल गई और आरोपियों द्वारा फरियादी के साथ मारपीट करते हुए उसे अश्लील गालियां दी और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना से पीड़ित फरियादी ब्रजेश चौधरी पिता गुलजारी चौधरी उम्र 32 वर्ष निवासी गड़ोखर ने पुलिस थाना उपस्थित होकर पुलिस को जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके साथ आरोपियों ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की। पुलिस ने फरियादी की सूचना पर आरोपी नंदू और किशोरी लुहार के खिलाफ हरिजन एक्ट का अपराध दर्ज कर मामला विवेचना में लिया।

## एक बहन ने दूसरी बहन को मृत घोषित कर हड़पी पिता की जमीन

**अमानगंज। इंसान का लालच कब किस हद से कितना नीचे उतर जाए इसका कोई अंदाजा नहीं होता जिंदा को भी समाज में लोग मृत घोषित कर उसकी संपत्ति पर अपना कब्जा जमा डालते हैं, ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के महेवा चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत बमुरहा के ग्राम कांटी से प्रकाश में आया है।**

पता लगा है कि एक चौधरी परिवार में केवल तीन बहने थी भाई नहीं थे और तीनों बहनों का समय से अपने-अपने स्थान पर विवाह हो चुका था यहां मायके में माता-पिता के खत्म हो जाने के बाद संपत्ति का बारिश कोई नहीं था जिससे संपत्ति का हक तीनों बहनों को बराबर-बराबर मिलना था लेकिन इनमें से एक होशियार और चालक बहन जो रिश्ते में मझली बहन थी उसने बड़ी और छोटी दोनों को नजर अंदाज करते हुए और एक बहिन को मृत घोषित करते हुए गांव के पूर्व सरपंच और गांव के नागरिकों से ग्राम सभा में फर्जी सिजरा प्रस्ताव कराकर पंचनामा बनवाकर उसे मृत बताकर माता-पिता की सारी जमीन अपने नाम पर दर्ज करवा ली। इस बात की सूचना जैसे ही फरियादी महिला दसिया बाई पति श्यामलिया अहिरवार उम्र 70 वर्ष निवासी देवरी गढ़ी थाना देवेन्द्रनगर को लगी तो उसने अपनी बहन आरोपी कस्तूरी बाई से अपना हक चाहा लेकिन उसने ममले में इसे नजरंदाज किया तब जाकर फरियादी महिला दसिया बाई ने आरोपी बहिन और मामले के सभी सह पूर्व सरपंच सचिव सहित 8 आरोपियों के विरुद्ध पुलिस को सूचना देते हुए मामले में आवश्यक कार्यवाही चाही और पुलिस ने दिनांक 30 जनवरी 2025 को अपराध दर्ज किया और निरंतर पुलिस ने मामले की जांच की और आज मामले में 7 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया और 1 की तलाश अभी भी जारी है।

इस घटना के बाद समाज में एक बात सामने आई है कि जरा सी लालच इंसान को इस हद तक इंसानियत से नीचे गिरा देती है कि सगी जिंदा बहिन को भी मुर्दा बताकर संपत्ति हथिया ली जाती है।

## खबर संक्षेप



### केंद्रीय मंत्री ने सेवा पखवाड़े के तहत वरिष्ठजनों एवं दिव्यांगजनों को वितरित किए सहायक उपकरण

**36 हितग्राहियों को सहायक उपकरण किए गए वितरित**

**छतरपुर।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने सेवा पखवाडा अन्तर्गत शनिवार को दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए। यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग छतरपुर द्वारा केंद्रीय मंत्री के मुख्यातिथ्य में जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में आयोजित किया गया। इसमें एलिम्को के माध्यम से चिन्हांकित दिव्यांगजनो एवं वरिष्ठजनो को सहायक उपकरण वितरित किए गए। जिसमें 3 दिव्यांगजन मुकेश अहिरवार निवासी ग्राम पुछी जनपद पंचायत छतरपुर एवं भगवती कुशवाहा ग्राम अनगौर बिजावर, रामसेवक अहिरवार ग्राम खरकपुर को मोटेट ट्राईसाईकिल प्रदाय की गई। इसके अतिरिक्त 10 दिव्यांगजनों को ट्राईसाईकिल, 13 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर एवं 03 वरिष्ठजनों को श्रवण यंत्र, 03 वरिष्ठजनो को घुटने व कमर का पट्टा, 02 को कम्बोड एवं 2 वरिष्ठजन को ट्रायपोट प्रदाय किया गए।केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित कार्यक्रम में चिन्हित दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनो को सहायक उपकरण प्रदान किए जा रहे हैं। इसमें वयोश्री योजना से वरिष्ठजनों को एवं एडिप योजना से दिव्यांगजनों के यह सहायक उपकरण प्रदान किए जाते है। उन्होंने कानपुर में एलिम्को द्वारा बनने वाले उपकरणों का जिक्र करते हुए कहा कि यहां से 95 प्रतिशत उपकरण देशी हैं जो आत्मनिर्भरता की और बढ़ रहे हैं साथ ही जीवंतता के तौर पर उसमें रंग बिरंगे उपकरण बनाने का कार्य किया जा रहा है दिव्यांगजनो और वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण असानी से प्राप्त हो इसके लिए सी.आर.सी. केन्द्र छतरपुर जिले में स्थापित किया गया है। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग कौशल सिंह, सिविल सर्जन शरद चौरसिया एवं संचालक सी.आर.सी. केन्द्र राजमणी पाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना सिंह, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विभाग की ओर से सभी सामाजिक सुरक्षा अधिकारी एवं कर्मचारी एवं जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केन्द्र के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात केंद्रीय मंत्री ने दुकानों में व्यापारियों से बात कर जीएसटी दरों में हुई कमी के संबंध में चर्चा भी की।

# पुराने मामले में राजीनामा न देने पर चार आरोपियों ने 2 सगे भाइयों के साथ की मारपीट, 4 पर मामला दर्ज




**छतरपुर।** आज कल जिले में पुराने मामलों में राजीनामा के लिए फरियादी पक्ष पर दबाव बनाया जाता है और जब राजीनामा के लिए फरियादी पक्ष तैयार नहीं होता, तो उसके साथ मारपीट की जाती है। ऐसा ही एक मामला सिटी कोतवाली के अंतर्गत बसारी दरवाजे के पास का सामने आया है यहां दो सगे भाइयों के साथ इसलिए मारपीट कर दी गई क्योंकि उन्होंने पुराने मामले में राजीनामा देने से इन्कार कर दिया, दोनो सगे भाइयों को मारपीट मे चोटें भी आई है। जिस पर कोतवाली में रिपोर्ट की गई है। कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

अमानगंज मोहल्ला निवासी गौरीशंकर अहिरवार पिता धनीराम अहिरवार ने अपने भाई अमन अहिरवार और मां विन्नईया अहिरवार के साथ कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट लिखाई की मेरी मां बसारी दरवाजे में डॉ.हदेश खरे के पास सब्जी की दुकान लगाती है। बीते रोज मे अपनी मां की सब्जी की दुकान के पास खड़ा था तभी गौरव बाल्मीक, सौरभ बाल्मीक, सत्यम बाल्मीक, ऋषि बाल्मीक, डंडा लेकर आए। और सौरभ बाल्मीक उससे कहने लगा कि कल बाथरूम करने के बिवाद पर जो रिपोर्ट की है। उस पर राजीनाम दे दो। लेकिन गौरीशंकर अहिरवार ने राजीनामा देने से मना कर दिया तब इसी बात को लेकर चारो लोगों ने उसे भद्दी भद्दी गालियां दी और मना करने पर सौरभ बाल्मीक ने गौरीशंकर अहिरवार को डंडा मार दिया। जिससे उसके सिर से बाई तरफ से खून निकलने लगा। फिर दूसरे डंडे का दूसरा ऋषि बाल्मीक ने मारा जो उसके नाक में लग गया और उसके नाक से खून निकलने लगा। जिससे गौरीशंकर अहिरवार जमीन पर गिर गया। जिससे उसे चोटे आई वह चिल्लाया तो मां विन्नईया अहिरवार व भाई अमन अहिरवार बचाने के लिए आए तो गौरव बाल्मीक एवं सत्यम बाल्मीक ने मेरी मां के साथ भी मारपीट की जिससे उन्हें चोटे आई और कमर मे मुंदी चोट है। भाई अमन अहिरवार को सौरभ बाल्मीक, गौरव बाल्मीक, सत्यम बाल्मीक ने डंडे से मारपीट की जिससे उसके सिर सहित पैर के दोनों घुटनों मे चोटे आई घटना के समय मेहताव मंसूरी, अभिषेक खटीक मौजूद थे जिन्होंने घटना देखी और बीच-बचाव किया लेकिन चारों आरोपी जाते जाते यह धमकी देकर गए कि अगर राजीनामा नही दिया तो जान से खत्म कर देंगे। कोतवाली में उक्त चारो आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस 2023 की धारा 296,115 (2)351(3),3 (5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। कोतवाली टीआई ने बताया कि सभी आरोपियों की तलाश की जा रही है। और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




## नौगांव बीआरसीसी अनुराग खरे हटाए गए, छतरपीर डीपीसी कार्यालय अटैच

**छतरपुर।** पिछले कुछ दिनों से विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र नौगांव में पदस्थ बीआरसी अनुराग खरे के विरुद्ध तमाम शिकायतें की जा रही थी। इन शिकायतों की जांच कलेक्टर के निर्देश पर जिला परियोजना समन्वयक अरूण शंकर पाण्डेय द्वारा कराई गई। जांच के दौरान विभिन्न स्तरों से प्राप्त शिकायतों में बीआरसीसी अनुराग खरे दोषी सिद्ध पाए गए। जिस पर जिला शिक्षा केन्द्र के जिला परियोजना समन्वयक अरूण शंकर पाण्डेय ने अपने पत्र क्रमांक- 3612/जि.शि.के./स्थापना/2025 छतरपुर दिनांक 27.09.25 के द्वारा अनुराग खरे विकासखंड स्त्रोत समन्वयक को आगामी आदेश तक के लिए जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय छतरपुर में सलग्न किया है। और बरिष्ठ बीएसी राजेन्द्र प्रसाद अहिरवार जनपद शिक्षा केन्द्र नौगांव को विकासखंड स्त्रोत समन्वयक का कार्य अगामी आदेश तक के लिए सौंपा है। बीआरसीसी अनुराग खरे को हटाए जाने पर तमाम शिक्षकों ने राहत की सांस ली है।

## नवीन तहसील नगर एवं एसडीएम कार्यालय का हुआ शुभारंभ
## विधायक ललिता यादव ने फीता काटकर शुभारंभ किया



**छतरपुर।** नवीन तहसील नगर कार्यालय एवं एसडीएम कार्यालय छतरपुर का शनिवार को विधायक ललिता यादव ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन कर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान एसडीएम अखिल राठौर, तहसीलदार पीयूष दीक्षित सहित, राजस्व के अधिकारी कर्मचारी, अधिवक्ता, पत्रकार बंधु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विधायक श्रीमती यादव ने तहसील नगर कार्यालय एवं एसडीएम कार्यालय का भ्रमण किया और कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इस भवन का पहले ही लोकार्पण किया जा चुका है। आज विधि विधान और पूजापाठ के आयोजन से नए भवन का शुभारंभ किया गया है। यहां जल्द ही शिफ्टिंग होने के साथ तहसील का कार्य शुरू हो जाएगा। साथ ही आमजन की समस्याओं का बेहतर ढंग से समाधान होगा और उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा इस भवन में आमजनता की मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है।

## माता रानी को चढ़ाई चुनरी, भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन

छतरपुर।



ईशानगर पड़ाव चौराहा से शनिवार को विशाल चुनरी यात्रा का शुभारंभ किया गया। यह यात्रा महावीरन तालाब बड़ी माता मंदिर से होते हुए दाऊआ कुआं स्थित माता हरसिद्धि शक्तिपीठ तक पहुंची, जहां माता रानी को चुनरी भेंट की गई। हर वर्ष की भांति इस बार भी नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर ईशानगर क्षेत्र सहित सम्पूर्ण बुंदेलखंड की उन्नति, खुशहाली, शांति और समृद्धि की कामना के साथ चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के दौरान भक्तों का उत्साह देखने लायक रहा। बच्चे, महिलाएं एवं धर्म प्रेमी श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। माता मंदिर पड़ाव चौराहे से प्रारंभ हुई चुनरी यात्रा श्री महावीरन मंदिर होते हुए मां हरसिद्धि शक्तिपीठ दाऊआ कुआं मंदिर परिसर पहुंची। यहां विधि-विधान से महाआरती की गई और प्रसाद वितरण के उपरांत चुनरी यात्रा का समापन हुआ। इस भव्य आयोजन का संयोजन श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर सेवा समिति ईशानगर द्वारा किया गया। चुनरी यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था में ईशानगर थाना उपनिरीक्षक धर्मेंद्र त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक सुनील अरजरिया सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

## वार्षिक उत्सव में नन्हें बच्चों की शानदार प्रस्तुतियाँ, झांकियों ने मोहा मन

हरपालपुर



**नगर स्थित फॉस्टर किड्स पब्लिक स्कूल, हरपालपुर का वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर के कालका मैरिज हाउस में रात 7 बजे से शुरू हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में महाराजपुर क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह टीका राजा, उनकी माताजी ब्रजराज कुमारी व पत्नी मृगयनका कुमारी शामिल हुईं। उन्होंने माँ सरस्वती की वंदना कर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।**

कार्यक्रम में स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। रामलीला मंचन, भगवान शिव का तांडव नृत्य, माता रानी की भव्य झांकी, चुटकुले, नृत्य-नाटक और भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। साथ ही बच्चों ने डिजिटल फोन के दुष्प्रभावों पर संदेशात्मक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। अभिभावकों ने बच्चों के उत्साहवर्धन में तालियों की गडग़ड़ाहट से पूरा हॉल गुंजायमान कर दिया। संस्था के डायरेक्टर संतोष वर्मा और प्रिंसिपल दीप्ति चावला ने बताया कि वार्षिक उत्सव हर वर्ष आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना और आत्मविश्वास को बढ़ाना है। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया गया। यह वार्षिक उत्सव न केवल बच्चों की प्रतिभा निखारने का मंच बना बल्कि उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी साबित हुआ।

## धावड़ गांव में हड़कंप, संदिग्ध लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ा, ड्रोन उड़ाने से हुआ शक



**छतरपुर।** खजुराहो थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले धावड़ गांव में देर रात उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने गांव के ऊपर एक ड्रोन उड़ते हुए देखा। ड्रोन की गतिविधि को देखकर ग्रामीणों को शक हुआ और उन्होंने सतर्कता दिखाते हुए गांव में घूम रहे कुछ अनजान संदिग्ध लोगों को पकड़ लिया।

ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए मामले की सूचना तुरंत खजुराहो पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पकड़े गए संदिग्ध लोगों से पूछताछ शुरू कर दी। गांव के युवाओं ने बताया कि देर रात उड़ रहे ड्रोन और संदिग्धों की गतिविधियों से उन्हें आशंका हुई कि गांव में कोई बड़ी वारदात की योजना बनाई जा रही है। फिलहाल पुलिस पकड़े गए लोगों से पूछताछ कर रही है और मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों सहित सभी की नजरें अब पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक




**छतरपुर।** मैं हूं अभिमन्यु-3 इस चक्रव्यूह को तोडूंगा- यह अभियान सहयोग, सम्मान, समानता पर आधारित है। इस अभियान में जिले के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय, सार्वजनिक स्थल, रहवासी कॉलोनी में, नवरात्रि पंडाल एवं कार्यक्रम स्थलों जाकर जागरूक किया जा रहा है, पंपलेट वितरित किए जा रहे हैं। आज छत्रसाल चौराहा में महिला सुरक्षा शाखा, महिला थाना एवं सामाजिक संस्था जनसाहस द्वारा एक नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम में नाट्य अभिनय कर महिलाओं पर घटित होने वाले अपराधों से सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। पंपलेट वितरित किए गए। नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक प्रतिभा श्रीवास्तव, महिला सुरक्षा शाखा से उपनिरीक्षक तबस्सुम खान, सामाजिक संस्था जनसाहस के सदस्य, नाट्य अभिनय करने वाले सदस्य उपस्थित रहे। थाना बड़ा मलहरा क्षेत्र अंतर्गत आयोजित गरबा महोत्सव कार्यक्रम में थाना प्रभारी बड़ा मलहरा निरीक्षक श्रद्धा शुक्ला द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं बच्चियों को जागरूक किया गया।

## फर्जी प्रमाण पत्र लगाने वाले 11 शिक्षकों पर एफआईआर, 5 ने लिया स्टे

छतरपुर।

एमपी में वर्ष 2023 में हुई वर्ग-3 की भर्ती में फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाकर नौकरी पाने वाले 11 शिक्षकों के खिलाफ कोतवाली थाना में जालसाजी का केस दर्ज किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त शिकायत के आधार पर मामला पंजीबद्ध हुआ है। बताया जा रहा है कि इन शिक्षकों ने 2023 में वर्ग-3 में पात्रता पाई थी। इन शिक्षकों ने दूसरे दिव्यांगों के सर्टिफिकेट को एडिट करके अपने नाम का दस्तावेज बनाकर नौकरी हासिल की थी। अधिकांश शिक्षक भिंड, मुरैना के रहने वाले हैं।

कविता अहिरवार, नेहा विश्वकर्मा, रोहित नायक, विशाल जैन, मनीषा लोधी, भानुप्रताप पटेल, दीपाली त्रिपाठी,रामकुमार पटेल, विनोद कुमार अहिरवार,अवध किशोर मिश्रा, मोनिका सक्सेना के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें से विनोद कुमार अहिरवार टीकमगढ़ तो नेहा विश्वकर्मा खरगापुर में पदस्थ हैं।

### दूसरे के प्रमाणपत्र किया एडिट

डीइओ अरुण शंकर पांडेय ने बताया कि फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट में 16 शिक्षक संदिग्ध मिले। सीएमएचओ से उनके प्रमाणपत्रों की जांच कराई तो जिस अस्पताल से प्रमाणपत्र बनाया गया, वहां इन शिक्षकों के नाम रिकॉर्ड में नहीं पाए गए। इन शिक्षकों ने दूसरे दिव्यांगों के सर्टीफिकेट को एडिट कर अपने नाम का बनाना पाया गया। फर्जीवाड़े के आरोपी 16 शिक्षकों में से 5 शिक्षक स्टे लेकर आ गए हैं। पुलिस ने शेष 11 शिक्षकों पर धारा 318/4 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### खजुराहो में एक साथ 21 स्थानों पर नगर पंचायत ने चलाया स्वच्छता अभियान

**खजुराहो।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत नगर परिषद खजुराहो द्वारा नगर के 21 स्थानों पर एक साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें नप अमले के साथ स्थानीय नगरवासियों ने भी नगर की स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। उक्त आयोजन खजुराहो सांसद बी.डी.शर्मा, राजनगर विधायक अरविन्द पटैरिया, जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश में नगर परिषद अध्यक्ष अरूण अवस्थी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। उक्त अभियान के अंतर्गत नगर के पुरातत्व विभाग के अधीन शिवसागर तालाब, प्रेम सागर तालाब, बस्ती स्थित ननौरा तालाब, जवारी मंदिर परिसर, महाराजा अग्रसेन चौक, विभिन्न वार्डों सहित 21 स्थानों पर साफ सफाई की गई और स्वच्छता के लिए नगरवासियों को प्रेरित किया गया।

## छतरपुर में इस बार मेला ग्राउंड में होगा रावण दहन, तैयारियों का किया गया निरीक्षण



छतरपुर।

विजयादशमी पर्व पर इस वर्ष छतरपुर शहर में रावण दहन का भव्य आयोजन मेला ग्राउंड में किया जाएगा। प्रशासन और समिति द्वारा इस आयोजन की तैयारियाँ जोरों पर हैं। शनिवार को छतरपुर विधायक ललिता यादव मेला ग्राउंड पहुँचीं। उनके साथ एसडीएम, तहसीलदार सहित समिति के पदाधिकारी और प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने रावण दहन स्थल पर व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बार रावण दहन का आयोजन मेला ग्राउंड में किया जा रहा है, जहाँ आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी।

विधायक ने मंच, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आयोजन स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं और दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। एसडीएम और तहसीलदार ने भी आयोजन स्थल का मुआयना करते हुए पुलिस विभाग, नगर पालिका और स्वास्थ्य विभाग को मिलकर सभी जरूरी इंतज़ाम समय पर पूरे करने के निर्देश दिए।

## श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में विश्व पर्यटन दिवस पर फूड एवं क्राफ्ट मेले का आयोजन



**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में 27 सितंबर 2025 को प्रबंधन संकाय द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य पर फूड एवं क्राफ्ट मेले का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि महेश चंद्र चतुर्वेदी, अतिरिक्त महाधिवक्ता इलाहाबाद उच्च न्यायालय, अध्यक्षता डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम, विशिष्ट अतिथि डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह गौतम, चेयरमैन, डॉ. अमित कुमार जैन, कुलगुरू, डॉ. दिगंत द्विवेदी, कुलसचिव उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर कुलगुरू डॉ. जैन ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यटन केवल दर्शनीय स्थलों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें स्थानीय संस्कृति, खानपान और हस्तशिल्प की अहम भूमिका होती है। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय कला, संस्कृति और पर्यटन की विविधता से अवगत कराना है।

फूड एवं क्राफ्ट मेले में विश्वविद्यालय के समस्त संकायों के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने-अपने विभाग की ओर से फूड एवं क्राफ्ट स्टाल लगाये गए। मेले मे विभिन्न प्रकार के व्यंजन, हाथों से बनी सामग्री (क्राफ्ट), कृषि से सम्बंधित सामग्री, विभिन्न प्रकार के डिज़ाइनर परिधानों, निशानी बाजी, रिंग खेल के आदि के स्टॉल लगाए गए। मेले में छात्रों-छात्राओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों में पारंपरिक व्यंजन, हस्तशिल्प, मिट्टी कला, चित्रकला और हाथ से बने सजावटी सामान विशेष आकर्षण का केंद्र बने। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने लोकनृत्य, नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर पर्यटन की महत्ता पर संदेश दिया।

कार्यक्रम का आयोजन प्रबंधन संकाय द्वारा किया गया। जिसमें प्रबंधन संकाय के डॉ. राजेन्द्र चौधरी, डॉ. आशीष कुमार पचौरी, डॉ. अंकिता जायसवाल, धीरेन्द्र भारती, श्रीमती सुमेधा राय, कमलेश कुमार, सचिन चौरसिया, गौरी तिवारी, पीयूष खरे, पंकज गुप्ता उपस्थित रहे। मेले का समापन पुरस्कार वितरण और सांस्कृतिक संध्या के साथ किया गया।

## अभद्र टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस ने फूंका विजयवर्गीय का पुतला



**छतरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के द्वारा कांग्रेस के शीर्ष नेताओं राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी को लेकर की गई टिप्पणी के विरोध में आज कांग्रेसजनों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार 27 सितंबर की शाम 5 बजे छत्रसाल चौक पर विजयवर्गीय का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना था कि भाजपा नेता विजयवर्गीय का यह बयान लोकतंत्र और मर्यादाओं के खिलाफ है। कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और भाजपा नेताओं पर तीखे हमले बोले। जैसे ही कांग्रेसजन पुतला दहन के लिए आगे बढ़े, मौके पर मौजूद पुलिस बल ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर धक्का-मुक्की और झूमाझटकी भी हुई।

स्थिति तनावपूर्ण होती देख पुलिस ने मोर्चा संभाला, लेकिन कांग्रेसजन अपने तेवरों पर अड़े रहे। अंततः कार्यकर्ताओं ने विजयवर्गीय का पुतला जलाकर अपना विरोध प्रदर्शित किया। इस आंदोलन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गगन यादव ने किया। उनके साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे जिन्होंने भाजपा के खिलाफ नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन को और तेज कर दिया।

## कचरा गाड़ी चालकों की लापरवाही पर होगी कार्रवाई, दोषी ड्राइवर को हटाया, स्वच्छता तैयारियों पर आयुक्त ने ली बैठक



रीवा। नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने जोन 3 के अंतर्गत स्वच्छता व्यवस्था को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य अमले को सख्त निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता का प्रभाव जमीनी स्तर पर साफ दिखाई देना चाहिए और इसके लिए छोटी-छोटी बातों पर भी विशेष ध्यान देना आवश्यक है। आयुक्त ने वार्डों में व्याप्त गंदगी को लेकर नाराजगी जताई और आदतन अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन को समयबद्ध बनाने और इसकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने की बात कही, ताकि नागरिकों को कचरा देने में असुविधा न हो। साथ ही आईईसी टीम को निर्देशित किया कि वे कचरा गाडियों के साथ चलकर लोगों को जागरूक करें और उन्हें निधर्धारित समय पर कचरा देने के लिए प्रेरित करें।पारस नगर और तुलसीनगर क्षेत्रों में गाड़ी चालकों की लापरवाही के चलते कचरा नहीं उठाए जाने की शिकायत पर आयुक्त ने दोषी ड्राइवर को हटाने का आदेश दिया और सभी गाडियों की सतत निगरानी के निर्देश दिए। रेमकी की खराब कचरा वाहनों की विस्तृत रिपोर्ट बनाकर चेयरमैन को भेजने को कहा गया। वार्ड 10, 12 और 16 में अतिरिक्त रिक्शा बढ़ाने और वार्ड नोडल अधिकारियों को चेकलिस्ट बनाकर नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए। बाहों में बायोमेट्रिक उपस्थिति को अनिवार्य करते हुए अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध नोटिस जारी करने और दरोगाओं की जवाबदेही तय करने की बात कही गई। खाली प्लॉटों में कचरा फेंके जाने की शिकायत पर दो दिन के भीतर विशेष सफाई कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा नियमित सफाई सुनिश्चित करने और कचरा फेंकने वालों को पहले समझाइश देने, फिर चलानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

## लौट रहे ट्रांसपोर्टर को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौके पर ही दर्दनाक मौत

रीवा। शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसे में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी की दर्दनाक मौत हो गई। बता दे स्कूटी से लौट रहे 65 वर्षीय ट्रांसपोर्टर को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। यह हृदयविदारक घटना चोरहटा थाना से कुछ ही दूरी पर स्थित रामकृष्ण आश्रम के सामने तड़के करीब 5 बजे की बताई जा रही है।मृतक की पहचान अजय चंद शुक्ला, निवासी दुर्गा नगर, पड़रा, के रूप में हुई है। वे पिछले कई वर्षों से ट्रांसपोर्टिंग व्यवसाय से जुड़े हुए थे और इलाके में एक जिम्मेदार व्यापारी के रूप में जाने जाते थे। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह उनके ट्रांसपोर्ट की गाड़ी रीवा पहुंची थी, जिसके संचालन व निगरानी के लिए वे तड़के ही स्कूटी से निकले थे। काम निपटाने के बाद जब वह सुबह करीब 5 बजे वापस अपने घर लौट रहे थे, तभी चोरहटा थाना के समीप रामकृष्ण आश्रम के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अजय शुक्ला वाहन के नीचे आ गए और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

**हर चौराहे पर दिखते हैं झुंड प्रशासन की लापरवाही बन रही है जानलेवा हादसों की वजह**

## सब्जी मंडी से लेकर जिला अस्पताल तक बीच सड़क में बैठते हैं आवारा मवेशी, बन रहे दुर्घटना का कारण





रीवा।

स्मार्ट सिटी बनने की दिशा में अग्रसर रीवा शहर इन दिनों एक गंभीर समस्या से जूझ रहा है, आवारा मवेशियों की बेलगाम बढ़ती संख्या, जो न केवल आम जनजीवन को प्रभावित कर रही है, बल्कि सड़कों पर जानलेवा हादसों की वजह भी बनती जा रही है। शहर के मुख्य मार्गों, बाजारों, और चौराहों पर बैठे मवेशी अब स्थानीय लोगों के लिए भय और असुरक्षा का कारण बन चुके हैं। शहर में आए दिन होने वाले सड़क हादसों की बड़ी वजह अब ट्रैफिक नहीं, बल्कि ये आवारा मवेशी बनते जा रहे हैं।

खासतौर पर रात के समय, जब हाईवे और अन्य प्रमुख सड़कों पर अंधेरा रहता है, वाहन चालकों को सड़कों पर बैठे मवेशी नजर नहीं आते। परिणामस्वरूप कई बार वाहन इन मवेशियों से टकरा जाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं होती हैं। पिछले कुछ महीनों में दर्जनों गंभीर हादसे इसी वजह से हो चुके हैं, जिनमें कई लोगों की जान भी चली गई। बीते वर्षों में प्रशासन ने मवेशी मालिकों पर कार्रवाई करने और जुर्माना लगाने के निर्देश दिए थे, लेकिन ये निर्देश जमीन पर कभी सख्ती से लागू नहीं हो सके। नगर निगम द्वारा समय-समय पर मवेशियों को पकड़ने की कवायद जरूर की जाती है, लेकिन वह नाममात्र की कार्रवाई बनकर रह जाती है। नतीजा ये है कि समस्या जस की तस बनी हुई है।बॉक्स प्रमुख स्थान जहां सबसे अधिक दिखते हैं मवेशीशहर के सब्जी मंडी, फोर्ट रोड, नया बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, जय स्तंभ चौक, प्रकाश चौराहा, घोबिया टंकी, सिरमौर चौराहा और जिला अस्पताल के आसपास मवेशियों का जमावड़ा आम हो चुका है। इन इलाकों में मवेशियों के कारण ट्रैफिक जाम, पार्क किए गए वाहनों की क्षति, और राहगीरों की परेशानी रोज की कहानी बन चुकी है।बॉक्स आपस में भिड़ते मवेशी, राहगीरों पर खतराइन मवेशियों के आपसी संघर्ष की घटनाएं भी अब आम हो चुकी हैं। भीड़भाड़ वाले इलाकों में बैलों की लड़ाई कई बार आम नागरिकों के लिए खतरा बन जाती है। राह चलते लोगों को मवेशियों की टक्कर या लात लगने से गंभीर चोटें तक आ चुकी हैं।बॉक्स जनता में नाराजगी, लेकिन कोई सुनवाई नहींस्थानीय नागरिकों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर निगम, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से इस मुद्दे पर शिकायत की, लेकिन आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। सोशल मीडिया पर भी लोग अपनी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं, लेकिन कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया।

## रीवा में परिवहन विभाग की सख्त कार्रवाई: 83 वाहनों पर चालान, 70,000 रुपये का राजस्व वसूला



रीवा, सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और वाहन नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चत करने के उद्देश्य से माननीय परिवहन आयुक्त महोदय ग्वालियर के आदेशानुसार परिवहन विभाग, रीवा ने एक विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत बीमा, फिटनेस सर्टिफिकेट और पीयूसी (पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल) की कमी वाले 83 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई से विभाग ने कुल 70,000 रुपये का राजस्व वसूला है।अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने शहर के प्रमुख चौराहों और सड़कों पर वाहनों की सघन जांच की। जांच में पाया गया कि कई वाहन बीमा, फिटनेस और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्रों के बिना सड़कों पर दौड़ रहे थे, जो सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे थे। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई वाहन मालिकों को नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करने का प्रयास है।इसके अलावा, व्ही एल टी डी , गति नियंत्रक (स्पीड गवर्नर) की अनुपस्थिति, अग्निशामक यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर), फास्टेड बॉक्स न होने और रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप (वाहनों पर प्रतिबिंबित टेप) की कमी जैसे अन्य उल्लंघनों पर भी चालान जारी किए गए। यह कार्यवाही रीवा आर टी ओ के निर्देशन में परिवहन सुरक्षा स्कवाड रीवा द्वारा की गई l इन उल्लंघनों से सड़क दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ता है, इसलिए विभाग ने चेतावनी दी है कि भविष्य में ऐसी लापरवाही पर और सख्ती की जाएगी।परिवहन विभाग ने कहा, ₹हमारा लक्ष्य सुरक्षित सड़कें बनाना है। वाहन मालिकों से अपील है कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज और सुरक्षा उपकरणों को अपडेट रखें।₹ इस अभियान से न केवल राजस्व बढ़ा है, बल्कि सड़क सुरक्षा जागरूकता भी फैली है। विभाग ने आगामी दिनों में ऐसे अभियानों को जारी रखने की योजना बनाई है।यह कार्रवाई रीवा जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति परिवहन विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाती है । वाहन मालिकों को सलाह दी गई है कि वे नियमों का पालन करें ताकि कोई अनचाही घटना न हो।

## सेवा पखवाड़ा में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन जारी

**महिलाओं तथा किशोरी बालिकाओं का किया जा रहा है स्वास्थ्य परीक्षण**





रीवा।

सेवा पखवाड़ा के तहत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अन्तर्गत स्वास्थ्य केन्द्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य की जाँच के लिए निःशुल्क शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों में गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर तथा पोषण स्तर की जाँच की जा रही है। गर्भवती महिला का पंजीयन कर उसका एएनसी चेकप किया जा रहा है। इसके साथ ही किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य की जाँच में हीमोग्लोबिन व ब्लडप्रेशर की जाँच की जा रही है। हाईस्कूल व हायर सेकण्डरी स्कूलों में 11 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाओं के सवास्थ्य की जाँच कर एनिमिक पाई जाने वाली किशोरियों के समुचित उपचार की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। अभियान के दौरान महिलाओं व शिशुओं का टीकाकरण भी किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में स्वास्थ्य केन्द्र मनगवां, गंगेव, जरहा, रामनई तथा हर्दी सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य की जाँच की गई। सेवा पखवाड़ा अभियान अन्तर्गत हायर सेकण्डरी स्कूल डभौरा, फरहदा तथा छुहिया मऊगंज में किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य की जाँच कर उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।

## खुले आसमान तले खेत के छड़ियों पर मिली नवजात बच्ची

**चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलहा गांव में सुबह की सैर पर निकले ग्रामीणों ने डायल 112 को दी सूचना**



रीवा

मानवता को झकझोर देने वाला मामला चोरहटा थाना क्षेत्र के बेलहा गांव से सामने आया है, जहां एक नवजात बच्ची खेत की मेढ़ पर झाड़ियों के बीच लावारिस हालत में पाई गई। बच्ची के पेट की नाभि पर गहरा जख्म था और उसमें कीड़े तक पड़ चुके थे। घटना गुरुवार सुबह की है, जब गांव के कुछ ग्रामीण टहलने के लिए निकले थे और उन्होंने झाड़ियों से बच्चे के रोने की आवाज सुनी। आवाज की दिशा में पहुंचते ही ग्रामीणों को सफेद कपड़े में लिपटी एक नवजात बच्ची नजर आई। बच्ची की हालत बेहद नाजुक थी, उसके शरीर पर कपड़ों के अलावा कोई सुरक्षा नहीं थी और वह खुले आसमान तले कांप रही थी। तुरंत डायल 112 पर सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 टीम के आरक्षक राधेश्याम प्रजापति ने तत्काल चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा को सूचना दी। कुछ ही देर में महिला आरक्षक रचना परमार के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बच्ची को सुरक्षित गोद में उठाया गया। ग्रामीण धीरू सिंह की मदद से पुलिस बच्ची को लेकर सीधे के संजय गांधी स्मृति अस्पताल पहुंची, जहां उसे नवजात शिशु वार्ड में भर्ती कराया गया। वही अस्पताल के डॉक्टरो ने बताया कि बच्ची का जन्म करीब 3 से 4 दिन पूर्व हुआ प्रतीत होता है। जब उसे अस्पताल लाया गया, तब वह अत्यंत कमजोर अवस्था में थी और संक्रमण की स्थिति गंभीर थी। पेट की नाभि पर गंभीर जख्म के कारण उसमें कीड़े पड़ चुके थे। फिलहाल बच्ची की हालत स्थिर है और शिशु रोग विभाग के विशेषज्ञों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। पुलिस अब यह जानने में जुटी है कि आखिर इस बच्ची को जन्म देने के बाद खेत की मेढ़ पर क्यों और किसने छोड़ा। थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि आसपास के गांवों में पूछताछ की जा रही है और अस्पतालों में पिछले कुछ दिनों में हुई डिलीवरी के रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।

## दो लाख में बेची गई छोटी बहन, मुरादाबाद से खरीदार गिरफ्तार, बड़ी बहन और मामा के लड़के के बाद अब दो आरोपी और पकड़े गए, किशोरी ने खुद किया था सौदे का खुलासा

रीवा।

जिले के डभौरा थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक 16 वर्षीय किशोरी को उसकी सगी बड़ी बहन और मामा के लड़के ने शादी का झांसा देकर दो लाख रुपये में बेच दिया। इस हृदयविदारक घटना का खुलासा तब हुआ जब लड़की 13 दिन तक गायब रहने के बाद पुलिस को मिली और उसने बयान में आपबीती सुनाई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अब किशोरी को खरीदने वाले मुरादाबाद निवासी दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 16 मई को एक नाबालिग लड़की रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई थी। इस पर बड़ी बहन ने खुद थाने में गुमशुदगी और अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर खोजबीन शुरू की और 29 मई को किशोरी को बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान जब नाबालिग से गहराई से बात की गई, तो उसने चौंकाने वाला खुलासा किया। किशोरी ने बताया कि उसकी बड़ी बहन और मामा के लड़के ने मिलकर उसे दो लाख रुपये में मुरादाबाद के दो लोगों को बेच दिया था। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने पहले बड़ी बहन और मामा के लड़के को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने मुरादाबाद निवासी अनुज यादव और रामपाल यादव के हाथों किशोरी को सौंपा था, और इसके एवज में 80 हजार रुपये एडवांस लिए थे। पुलिस ने मुरादाबाद में दबिश देकर अनुज यादव और रामपाल यादव को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अनुज यादव ने बताया कि उसने किशोरी को शादी के नाम पर खरीदा था और बाद में उसे अपने ही रिश्तेदार रामपाल यादव को बेच दिया।पुलिस ने अब तक इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर त्यौंथर न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### विन्ध्य क्षेत्र में पहली बार हुआ स्किन डोनेशन

रीवा । विन्ध्य क्षेत्र में पहली बार स्किन का डोनेशन किया गया। श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय अन्तर्गत संजय गांधी अस्पताल में गत दिनों दिवंगत व्यक्ति के शरीर से उनके परिजनों ने स्किन डोनेट कराई। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गत मई माह में स्किन बैंक के शुभारंभ अवसर पर लोगों से आह्वान किया था कि अपने निकटतम दिवंगत परिजनों का अंगदान करें जिससे अन्य मरीजों के लिए अंग उपयोग में आ सकें। उप मुख्यमंत्री की पहल का सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं और लोगों में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है। स्किन बैंक के शुभारंभ के चार माह में ही स्किन दान का निर्णय लोगों में अंगदान से संबंधित जागरूकता का प्रमाण है। गत दिनों तोपखाना महाजन टोला रीवा निवासी शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय का देहांत हो गया था। प्रतिभा पाण्डेय जो महिला एवं बाल विकास विभाग में कटनी में जिला कार्यक्रम अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं उन्होंने अपने स्वर्गीय पति पाण्डेय की स्किन को डोनेट करने की इच्छा व्यक्त की। श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में सर्जन डॉ सौरभ सक्सेना और डॉ अजय पाठक की टीम ने स्वर्गीय पाण्डेय के शरीर की स्किन हार्वेस्टिंग करके स्किन बैंक में प्रिजर्व की गई।

## श्रमिकों सहित संविदा व आउट सोर्स श्रमिकों को मजदूरी भुगतान के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश

रीवा । श्रम आयुक्त द्वारा शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्थान/निगम/मण्डल आदि में कार्यरत कर्मचारियों व ठेका तथा आउटसोर्स श्रमिकों को मजदूरी प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कार्यालयों एवं अधीनस्थ प्रतिष्ठानों में सभी श्रमिकों सहित संविदा एवं आउटसोर्स श्रमिकों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी मजदूरी का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। किसी भी श्रमिक या संविदा/आउटसोर्स श्रमिक को न्यूनतम मजदूरी से कम वेतन न दिया जाए। कार्यालयों में पारदर्शी उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल ने समस्त कार्यालय प्रमुखों से श्रम अधिनियमों का पालन सुनिश्चित करने की अपेक्षा की है।

## देवर निकला भाभी के हत्या का कातिल



रीवा ।

शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के इटौरा दयालु नगर में 35 वर्षीय नेहा सिंह पत्नी रावेन्द्र सिंह की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है पुलिस के अनुसार 26 सितंबर को नेहा सिंह का खून से लथपथ शव उनके बेडरूम में मिला था। मृतिका के सिर पर भारी वस्तु से प्रहार किया गया था जिससे अत्यधिक खून निकल गया और महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय थाना पुलिस, एफएसएल और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और साक्ष्य संकलित किए।

**पैसों के लिए की हत्या, नगदी सहित 17 लाख के जेवर बरामद एक दिन पूर्व घर के बेडरूम में हुई थी महिला की हत्या**

जांच के दौरान पता चला कि मृतिका के घर से सोने-चांदी के जेवर और करीब 1 लाख 10 हजार रुपये नगद चोरी हुए हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना व साक्ष्यों के आधार पर आरोपी पुष्पेन्द्र सिंह पिता कमल सिंह निवासी ग्राम अतर्रा थाना नरैनी, जिला बांदा उत्तर प्रदेश को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतिका से उसका पारिवारिक संबंध था, और उसका घर में आना जाना बना रहता था, घटना वाले दिन पैसे मांगने पर उसने देने से मना कर दिया इसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसी दौरान उसने घर में रखे लकड़ी के भारी बैट से मृतिका के सिर पर वार कर हत्या कर दी और अलमारी से सोने-चांदी के जेवर तथा नगदी चोरी कर फरार हो गया,आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने सोने-चांदी के जेवर और नगदी समेत कुल लगभग 21 लाख 10 हजार रुपये बरामद किए तथा हत्या में प्रयुक्त बैट भी जब्त कर लिया।



## आओ अलख जगाएं, समाज को बेहतर बनाएं अभियान के तहत महिला सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



मऊगंज

जिले मे महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर मऊगंज पुलिस लगातार जनजागरण अभियान चला रही है। इसी कड़ी मे"आओ अलख जगाएं, समाज को बेहतर बनाएं" शीर्षक से चल रहे इस विशेष अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह और एसडीओपी सची पाठक के मार्गदर्शन में यह अभियान जनभागीदारी के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी नईगढ़ी जगदीश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में अष्टभुजा माता मंदिर परिसर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में युवाओं और स्थानीय नागरिकों को नशा, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, अशिक्षा, रूढ़िवादिता और अश्लीलता जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने और इनके खिलाफ आवाज उठाने की शपथ दिलाई गई। पुलिस अधिकारियों ने रैली और संवाद के जरिए लोगों से अपील की कि वे समाज में बेटियों और महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा को सर्वोपरि मानें तथा सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने में सक्रिय सहयोग दें।एसडीओपी मऊगंज सची पाठक ने बताया कि पुलिस मुख्यालय की महिला सुरक्षा शाखा द्वारा 23 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसका टैगलाइन है – "सहयोग, सम्मान और समानता"। इसके अंतर्गत महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, खासकर घरेलू हिंसा की रोकथाम और उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने को लेकर पुरुषों को संवेदनशील बनाया जा रहा है।उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे अभिमन्यु ने अपने परिवार और समाज की रक्षा के लिए पूर्वाग्रहों को छोड़कर आगे कदम बढ़ाया था, वैसे ही आज प्रत्येक पुरुष को भी अपने परिवार और समाज की महिलाओं के लिए सुरक्षा कवच बनना चाहिए। यही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है – महिलाओं को सुरक्षित वातावरण दिलाने में पुरुषों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

## महाविद्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



मऊगंज। जिले के शासकीय सोमेश्वर सिंह महाविद्यालय नईगढ़ी में बाल विवाह को रोकने के लिए अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी मऊगंज के समन्वयक सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी ने बिविध आयामों पर उपस्थित बच्चों को समझाइश दी उन्होने बताया कि यदि कोई बाल विवाह हो जाता है और वह शासकीय योजनाओं का लाभ लेना चाहता है तो वह योजना से बंचित हो जायेगा। इसलिए सभी अपने अपने गांव में हों रहें बाल सगाई और बाल बिदाई को रोकने में इस अभियान में सहयोग करें जिससे बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण किया जा सके। साथ ही बाल अधिकार संरक्षण आयोग की जानकारी दी गई बच्चों के अधिकारों को बताया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय परिसर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य, प्राध्यापकगण तथा विद्यार्थियों ने मिलकर बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि बाल विवाह न केवल बच्चों के अधिकारों का हनन है बल्कि यह उनके शैक्षणिक, मानसिक एवं शारीरिक विकास में भी बाधक है। उन्होंने बाल विवाह से उत्पन्न होने वाले दुष्परिणामों जैसे – कम उम्र में मातृत्व का खतरा, शिक्षा में रुकावट, पारिवारिक कलह और स्वास्थ्य समस्याओं पर प्रकाश डाला।छात्र–छात्राओं ने पोस्टर, नारे और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर समाज को संदेश दिया कि –"बाल विवाह अपराध है, इसे रोकना सबका कर्तव्य है।""बेटी पढ़ेगी तभी देश आगे बढ़ेगा।"सभी प्रतिभागियों ने शपथ ली कि वे न तो स्वयं बाल विवाह करेंगे और न ही अपने आस-पास होने देंगे, बल्कि समाज को जागरूक कर इस कुरीति को समाप्त करने में योगदान देंगे।अहिंसा टीम आशीष कुमार शुक्ला ज्ञानेंद्र धर द्विवेदी एंव महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं और शिक्षकों के बीच बाल विवाह के प्रति जागरूकता फैलाने का सफल प्रयास रहा।बाल मजदूरी अभिशाप - बाल मजदूरी हमारे समाज के लिए एक गम्भीर अभिशाप है। यह न केवल बच्चों के बचपन और उनके अधिकारों को छीन लेता है, बल्कि देश की प्रगति में भी बाधा उत्पन्न करता है। बचपन खेलने, पढ़ने और सपने सँजोने की उम्र होती है, लेकिन गरीबी, अशिक्षा, पारिवारिक मजबूरी और शोषण के कारण लाखों बच्चे छोटी उम्र में ही काम करने के लिए मजबूर हो जाते हैं।बाल मजदूरी बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास को रोक देती है। फैक्ट्रियों, चाय की दुकानों, ईंट-भट्टों, खेतों या घरेलू कामों में लगे बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। उनका स्वास्थ्य भी बिगड़ता है और वे शोषण का शिकार बनते हैं।यह अभिशाप तब तक खत्म नहीं होगा जब तक समाज और सरकार मिलकर ठोस कदम न उठाएँ। बच्चों को मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, परिवारों को रोजगार के अवसर और कड़ी कानूनी कार्रवाई के माध्यम से ही बाल मजदूरी को रोका जा सकता है।अंततः, मऊगंज जिले में हर बच्चे को शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य का अधिकार है। बाल मजदूरी से मुक्ति दिलाना ही सच्चे अर्थों में समाज और राष्ट्र की प्रगति होगी।